# मंडी शेड में खचाखच भरी है समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान

## रबी की फसल बेचने किसानों को गोंगलई मंडी में नहीं मिलेगा स्थान






**बालाघाट।** कई तरह की शिकवा-शिकायतो को लेकर अक्सर सुर्खियो में रहने वाली कृषि उपज मंडी गोंगलई, एक बार पुन: एक नई समस्या को लेकर सुर्खियो में चढने तैयार है। क्योकि यहां रबी सीजन में उगाई गई धान की उपज बेचने आने वाले क्षेत्र के किसान एक बार फिर बडी परेशानी में उलझे हुए देखने मिलेगें।

आपको बता दे कि कृषि उपज मंडी गोंगलई का बालाघाट का नाबार्ड बैंक के पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रदेश की पहली डिजिटल मंडी एवं मंडी बोर्ड भोपाल के पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिले की पहली ई-मंडी के रूप में चयन किया गया है। जिसके तहत मंडी समिति, बालाघाट में कैशलेस अर्थव्यवस्था एवं पारदर्शिता को बढावा देते हुए सभी वित्तीय संव्यवहारों का सुरक्षित व सुविधाजनक डिजिटली लेनदेन होगा। मंडी समिति, बालाघाट में कृषकों, हम्मालों, तुलावटियों एवं अन्य कृत्यकारियों को चोरी, लूटपाट धोखाध?ी एवं लंबी कतारों से मुक्त, सुरक्षित भुगतान होगा, जिससे मंडी के व्यापारियों एवं हितग्राहियों के समय और श्रम की बचत होगी। इस तरह प्रदेश की पहली डिजिटल मंडी गोंगलई जिले की पहली ऐसी मंडी होगी, जहां किसानो को डिजिटल सुविधाओं का लाभ मिलेगा। लेकिन वर्तमान में यही डिजिटल कृषि उपज मंडी किसानो के लिये चिंता का सबब बनी हुई है।

दरअसल, क्षेत्रीय किसानो से मिली जानकारी के अनुसार शासन ने खरीफ के सीजन में किसानो से समिति के माध्यम से समर्थन मूल्य पर जो धान की खरीदी की थी, वही धान अब तक मंडी परिसर में खराखच भरी हुई है। जहां से समय रहते मिलिंग हेतू सम्पूर्ण धान का परिवहन नही हो पाया है। हालांकि धान परिवहन का कार्य प्रगति पर है, लेकिन कार्य बेहद कच्छप गति से संचालित है, जिस कारण अनुंबधित राईस मिलर्स द्वारा भी कस्टम मिलिंग हेतू यहा रखे धान का समय रहते परिवहन नही कर पा रहे है।

ऐसे में रबी की उपज बेचने हेतू पूरे मंडी परिसर में एक सुरक्षित स्थान की कमी के रूप में बहुत जल्द किसानो के सामने एक बडी समस्या देखने को मिलेगी। संभवत: मंडी प्रशासन व जिला प्रशासन द्वारा लापरवाह रवैया अपनाते हुए किसानो को परेशान करने का प्लान तैयार किया जा रहा है। क्योकि किसानो की रबी की फसल बहुत जल्द कटकर व मिसाई होकर ब्रिकी हेतू सीधे मंडी पहुंचेगी। लेकिन यहां धान ब्रिकी हेतू उचित स्थान किसानो को नही मिल पायेगा। पूरे मंडी परिसर में सिर्फ दो ही शेड स्लॉट खाली है, बाकि अन्य टीन शेडो में समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान स्टोर करके रखी गई है। जिसके चलते किसानो के सामने एक बडी समस्या देखने को मिलेगी।

# बाघ की खाल की तस्करी करने वाला फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार



**बालाघाट।** बैहर थाना पुलिस ने मुखबीर की सुचना पर कार्यवाही करते हुए बाघ की खाल की तस्करी करने वाले 11 वर्षो से फरार स्थाई वांरटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार प्रकरण क्रमांक-29/13 माननीय न्यायालय बैहर द्वारा धारा-2 (11), 50, 51, 52 वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत फरार आरोपी दीपक पिता गोसाई कुमरे को स्थाई वांरटी घोषित कर दिया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस भी लंबे समय से लगातार प्रयासरत् थी।

वही पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ द्वारा भी माननीय न्यायालय के कई वर्षों से विभिन्न प्रकरणों मे वांछित स्थाई वारंटियो एवं फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिए गये है। जहां उक्त निर्देश पर पुलिस द्वारा लगातार टीम गठित कर कार्यवाही की जा र ही है। इसी बीच वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन व दिशा निर्देशन में पुलिस थाना बैहर टीम द्वारा विगत 11 वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी दीपक पिता गोसाई कुमरे उम्र 34 साल निवासी ग्राम माटे थाना किरनारपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# परीक्षा कार्य मे लापरवाही बरतने पर किया निलंबित

**बालाघाट।** विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए रविवार को परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा सामग्री प्राप्ति के लिए शासकीय हाई स्कूल मछुरदा बिरसा के प्रभारी प्राचार्य कुमुद काव? को 27 अप्रैल को जिला कार्यालय में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया था। किन्तु श्री काव? निर्धारित तिथि में कार्यालय में उपस्थित नही हो पाए। जिसकी वजह से परीक्षा सामग्री वितरण करने में बाधा उत्पन्न हुई । संकुल प्राचार्य शाउमावि कचनारी द्वारा भी बताया गया कि काव? अपनी पदांकित संस्था में भी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा परीक्षा जैसे गोपनीय कार्य को गंभीरता से न लेने तथा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में स्वेच्छाचारीता व घोर लापरवाही बरतने के मद्देनजर कुमुद काव? को मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1966 के उपनियम 9 के प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए परीक्षा हुई सम्पन्न, लगभग 77 प्रतिशत रही उपस्थिति



**बालाघाट।** विशिष्ट संस्थाओ (कन्या शिक्षा परिसर, आदर्श आवासीय विद्यालय, एकलव्य् आदर्श आवासीय विद्यालय) में कक्षा 6वी की प्रवेश परीक्षा रविवार को आयोजित की गई । परीक्षा के लिए जिले में 19 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये थे। जिसमें उत्कृष्ट विद्यालय बैहर में 148 में 105 विद्यार्थी उपस्थित रहे, शाउमावि गढी में 116 में 94, शा हाईस्कूल कन्दई में 121 में 100, शा उत्कृष्ट विद्यालय बिरसा में 288 में 223, शास हाईस्कूल मछूरदा में 105 में 80, शाउमावि मानेगांव में 76 में 59, शाउमावि मलांजखण्ड में 232 में 193, शास हाईस्कूल सोनगुड्डा में 132 में 89, शा उत्कृष्ट विद्यालय परसवा?ा में 108 में 90, शाउमावि उकवा में 129 में 88, शा हाईस्कूल बोदा में 75 में 57, शा कन्या उमावि परसवा?ा में 40 में 33, कन्या उमावि बैहर में 37 में 33, कन्या हाई स्कूल गढी में 53 में 39, कन्याम उमावि बिरसा में 61 में 49, शा उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में 32 में 22, शा आदर्श उमावि लामता में 24 में 18, शाउमावि लांजी में 32 में 24 एवं शा.रा.दु.उ.मा.वि बालाघाट में 04 में से 3 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो पाए। इस प्रकार जिले से कुल 1813 विद्यार्थी में से 1399 विद्यार्थी कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए।

# एचसीएल मलाजखंड में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर





**बालाघाट।** जिला अस्पताल बालाघाट के ब्लड बैंक में हो रही रक्त की कमी को दूर करने के लिये एस.एम.एस के चेयरमैन स्व.अभय संचेती की पुण्यतिथि के अवसर पर 29 अप्रेल को एचसीएल मलाजखंड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। जहां बालाघाट जिला अस्पताल की टीम भी सेवा देने पहुंची थी। यहां आयोजित शिविर में एस.एम.एस साइट पर कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों ने बढचढ हिस्सा लेकर अपना योगदान देते हुए रक्तदान किया। एस.एम.एस कंपनी के एच.आर हेड प्रवीण सिंह ने बताया कि एसएमएस कंपनी के चेयरमैन स्व.अभय संचेती के जयंती और पुण्यतिथी के अवसर पर साल में दो बार कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया जाता है।

इसी महादान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। आज 29 अप्रैल को पुण्यतिथी के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था, जहां शिविर में कर्मचारियों ने करीब 90 यूनिट रक्तदान किया है। इससे निश्चित ही जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्त की कमी को दूर होगी और मरीजो का आवश्यक्तानुसार आसानी से रक्त उपलब्ध हो पायेगा।

# घर के सामने शेड में खड़ी डिजायर कार को अनियंत्रित कार ने ठोकर मार कर किया क्षतिग्रस्त

सिवनीकेवलारी



नगर के सिविल अस्पताल केवलारी के सामने रहने वाले पाण्डे मेडिकल स्टोर के संचालक संजय पाण्डे के घर के सामने शेड खड़ी हुई डिजायर कार गाड़ी क्रमांक एमपी 20 ब्स् 4808 को रात लगभग 11ण्20 के आसपास तीव्र गति से केवलारी बस स्टैंड की ओर से तीव्र गति से आती हुयी कर क्रमांक डच् 22 ठ 2705 के वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुये घर के सामने शेड में खड़ी डिजायर कार को तीव्र गति से जोरदार टक्कर मारा जिससे डिज़ायर कार गाड़ी बहुत बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।साथ ही शेड के लोहे के खम्बेए और सीढ़ी की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गयी। इस घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहनचालक कार को लेकर घटना करने के बाद फरार हो गया। घटना के प्रत्येक दर्शियों ने कार के वाहन चालक को रोकने का प्रयास किया परंतु वह तीव्र गति से कार को लेकर नैनपुर की ओर भाग गया ।जिस पर उपस्थित लोगों ने उस घटना करने वाली कार की फोटो खींच लिया।जिससे इस घटना को कारित करने वालों की पहचान हो सकी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में तीन लोग सवार थे। साथ ही सिविल अस्पताल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी इस घटना फुटेज प्राप्त हो सकी है।

# आज होगा परिषद के बेड़े में शामिल

## नगर परिषद छपारा को मिला स्वर्ग रथ वाहन




**सिवनी।** छपारा नगर परिषद को एक और शव वाहन मिला है जो नगर परिषद क्षेत्र में दिवंगत हुए लोगों के पार्थिव शरीर को मोक्षधाम रह तक पहुंचाने के लिए सहायता करेगा।

छपारा के तकिया वार्डए लाल माटीए सोनी वार्ड और गोकलपुर जैसे वार्डों से लगभग एक किलोमीटर की दूरी नाि तय करने के बाद मोक्षधाम पहुंचकर अंतिम संस्कार किया जाता था। जैस सोमवार को स्वर्गरथ वाहन को नगर परिषद अपने वाहनों के बेड़े में शामिल सड़ करेगी और आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध कराया जाएगा।

# गेहूं बिक्री का पैसा मांगने पर की मारपीट

## बदलापुर खुर्द का मामलाः डेढ़ लाख रुपए नहीं दे रहा था आरोपी

सिवनी

कुरई थाना अंतर्गत बादलपार खुर्द में गेहूं बिक्री का पैसा मांगना एक महिला और उसके पति को महंगा पड़ गया। आरोपी ने दोनों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा बाई कहार और उसके पति धैलू ने अपने देवर रामरस और सालक कहार का खेत ठेके पर लिया है। हाल ही में कृष्णा बाई ने डेढ़ लाख रुपए का 80 क्विंटल गेहूं चैनसिंग रघुवंशी को बेचा था। चैनसिंह ने बाद में पैसे देने की बात कही थी। काफी दिनों तक वह पैसा देने की बात पर टालमटोल करता रहा। दोनों फिर से चैनिसिंग के पास गए तो उसने गेहूं का पैसा देने से मना करते हुए कृष्णा व धैलू के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी चैनसिंग के खिलाफ धारा 294ए 323ए 506 का मामला दर्ज कर लिया है।

**लड़की से बात करने पर पीटा**

उगली थाना के रूमाल गांव में चार लोगों ने एक युवक को लड़की से बात करने की बात पर टेंट लगाने आए युवक को पीट दिया। पुलिस ने बताया कि बालाघाट के चांगोटोला निवासी सतेंद्र उईके टेंट का काम करता है। वह रूमाल गांव में टेंट लगाने आया था। इस दौरान वह गांव की एक लड़की से बात कर रहा था। इसी बात को लेकर गांव के सीताराम कहारए जयदीप शरणागतए राजू कहार और विशाल ने उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल तोड़ दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 294ए323ए506 और 427 का मामला दर्ज कर लिया है।

## विभाग प्रमुख बने राजकुमार मोहारे

**बालाघोठ।** भारतीय मजदूर संघ ज्योकि देश का सबसे ब?ा श्रमिक संगठन है और पूरे देश में श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए सबसे आगे रहता है। विभिन्न क्षेत्रो में काम करने वाले श्रमिको को उनका हक मिले, इसलिए निरन्तर प्रयासरत रहता है।



## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विदिशा लोकसभा के सिलवानी नगर मे किया जनसंपर्क

**सिवनी।** गत दिवस को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने विदिशा लोकसभा अंतर्गत सिलवानी नगर मे जनसंपर्क कर बैठक किया। आज विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने लोकसभा चुनाव के तहत विदिशा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिलवानी नगर मे पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी श्री शिवराज सिंह चौहान जी के समर्थन मे संघन जनसंपर्क किया। तथा नगर के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय एवं वार्ड क्रमांक 06 मे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पदाधिकारियोंए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व जेष्ठ .श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी को तिलक लगाकर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने संध्या समय रायसेन जिले के बेगमगंज मे पूर्व केबिनेट मंत्री श्री रामपाल सिंह ठाकुर जी से मुलाकात उपरांत विवाह समारोहों मे सहभागिता किया।

# महाविद्यालय में मना विश्व मलेरिया दिवस विद्यार्थियों ने बचाव के तरीकों पर की चर्चा



**सिवनी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र पर भाग द्वारा विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉण् रुचिका यदु ने मलेरिया बीमारी के होने वाले कारणए लक्षण एवं बचाव के तरीकों पर विस्तृत चर्चा छात्राओं से की। उन्होंने विश्व मलेरिया दिवस के इतिहास पर जोर डालते हुए कहा विश्व मलेरिया दिवस को पहली बार 2007 में विश्व स्तर पर मान्यता दी गई थी। इसे पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2008 में मनाया गया था।

विश्व मलेरिया दिवस विश्व स्तर पर आयोजित किया जाता है और इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इसे स्वीकार किया जाता है। बड़ा और दीर्घकालिक लक्ष्य हमारे विश्व को मलेरिया मुक्त बनाना है ताकि इस बीमारी के कारण जीवन की अधिक हानि न हो। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि मलेरिया एक रोकथाम योग्य बीमारी है और उचित एहतियाती उपायोंए बढ़ती जागरूकता और बेहतर स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के साथएमलेरिया से होने वाली मौतों और गंभीर मामलों को रोकना संभव है। डॉण् रुचिका ने बताया कि इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम है. अधिक न्याय संगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफलड़ाई को तेज करना। यह थीमए जो इस वर्ष के विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम मेरा स्वास्थ्यए मेरा अधिकारए के अनुरूप हैए मलेरिया की रोकथामए पहचान और उपचार सेवाओं तक पहुंच मेंबनी हुई भारी असमानताओं को दूर करने की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। हाल के वर्षों मेंए प्रगति हुई है मलेरिया को कम करने का काम रुक गया है। मलेरिया न केवल सीधे तौर पर स्वास्थ्य को खतरे में डालता है और जीवन को खतरे में डालता हैए बल्कि यह असमानता के दुष्चक्र को भी कायम रखता है। गर्भवती महिलाओंए शिशुओंए 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चोंए शरणार्थियोंए प्रवासियोंए आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों और स्वदेशी लोगों सहित सबसे कमजोर परिस्थितियों में रहने वाले लोगों पर लगातार प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

आइए हम सब मिलकर मलेरिया के भव खिलाफलड़ाई में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध हों। साझेदारीए और की अधिक न्यायसंगत दुनिया को प्राप्त करने के लिए साक्ष्य.आधारित बाफ रणनीतियों को लागू करना जहां मलेरिया को हमेशा के लिए समाप्त स्थ्य करने की हमारी खोज में कोई भी पीछे न रहे। कार्यक्रम को सफल हैए बनाने में डॉण् शेष राव नवांगेए डॉः डिंपल डहरिया एवं श्रीमती अनीता में कुल्हाड़े का सहयोग सराहनीय रहा।